आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 18.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक—एसबीआई को इक्कीस मार्च तक चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का निर्देश दिया।

2— प्रदेश में तीन चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी—पहले चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए परसों बीस मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी।

3— बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक केशव चन्द्रा, सक्ती के जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर और जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह आज भाजपा में शामिल हो गए।

4— प्रदेश में मौसम का मिजाज एक फिर बदला—आज कई जिलों में आंधी—बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि।

सुप्रीम कोर्ट—एसबीआई

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक—एसबीआई को आज चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने एसबीआई को इक्कीस मार्च तक क्रेता और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉन्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है।

लोकसभा चुनाव—नाम निर्देशन

प्रदेश में तीन चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पहले चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए तेईस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए परसों बीस मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी के साथ नामांकन पत्र भरने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। सत्ताईस मार्च तक नामांकन भरे जा सकेंगे। अट्ठाईस मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार तीस मार्च तक नाम वापस ले सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि नाम—निर्देशन पत्र लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अधिसूचित जगह पर ही लिए जाएंगे। नाम—निर्देशन के लिए अभ्यर्थी के केवल तीन वाहनों को ही नामांकन केन्द्र के सौ मीटर की परिधि में प्रवेश की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि नाम—निर्देशन के लिए जमानत की राशि आरक्षित वर्ग—अनूसचित जाति—जनजाति के लिए बारह हजार पांच सौ रूपये और सामान्य वर्ग के लिए पच्चीस हजार रूपये होगी। नामांकन कक्ष में अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। आयोग द्वारा ऑनलाइन नाम—निर्देशन और शपथ पत्र की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें नामांकन पत्र और शपथ पत्र की प्रविष्टियां करके उनका मुद्रण और निष्पादन कर अभ्यर्थी को नाम—निर्देशन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। श्रीमती कंगाले ने बताया कि एक अभ्यर्थी अधिकतम नाम—निर्देशन का चार सेट प्रस्तुत कर सकता है। अभ्यर्थी को नाम—निर्देशन पत्र के साथ अपना नवीनतम फोटो भी देना होगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपनी संपत्तियों, देनदारियों और आपराधिक प्रकरणों के संबंध में शपथ पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

भाजपा प्रवेश

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक केशव चन्द्रा, सक्ती के जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर और जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह आज भाजपा में शामिल हो गए। जैजैपुर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्री चन्द्रा जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं।

इस बीच, कल पाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोरबा लोकसभा सीट से प्रत्याशी सरोज पांडेय और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में सैकड़ों लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। भाजपा प्रवेश करने वालों में जिला और जनपद पंचायत के सदस्यों के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी शामिल थे।

राज्यपाल–रेडक्रॉस कार्यक्रम

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के उनतीस एमबीबीएस चिकित्सकों को ले–लेक्चरर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किए। राज्य शाखा द्वारा ग्यारह से सत्रह मार्च तक पहली बार आयोजित ले–लेक्चरर प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सकों को प्राथमिक और आपातकालीन उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर राज्यपाल ने चिकित्सकों का आव्हान किया कि वंचित वर्गों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें और समाज तथा राष्ट्र की सेवा करें।

रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के सीईओ एम के राउत ने बताया कि प्रदेश में पहली बार एमबीबीएस चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार के लिए ले–लेक्चरर का प्रशिक्षण दिया गया। ये चिकित्सक अब जिलो में जाकर जूनियर रेडक्रॉस और यूथ रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की यह योजना है कि सभी पंचायतों में कुछ व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाए।

सूचना आयोग–नियुक्ति

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में दो आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस नरेन्द्र कुमार शुक्ला और आलोक चन्द्रवंशी की आयोग में आयुक्त के पद पर नियुक्ति की गई है। श्री शुक्ला वर्ष दो हजार बीस में सेवानिवृत्त हुए थे।

सेना भर्ती–आवेदन

भारतीय सेना में भर्ती के लिए इन दिनों आवेदन की प्रक्रिया जारी है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार सेना में भर्ती के लिए इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर आगामी बाईस मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। प्रदेश से अब तक पंद्रह हजार से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन करा लिया है। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण और सहायता के लिए नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में स्थित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में आज दो माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्समर्पण कर दिया। ये माओवादी कटेकल्याण एरिया कमेटी के तेलम पंचायत में शामिल थे। इन पर माओवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

सीआरपीएफ–पुरस्कार

माओवादियों के खिलाफ सफल और सर्वश्रेष्ठ ऑपरेशन के लिए सुकमा जिले में पदस्थ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की दो सौ तेईसवीं बटालियन को सम्मानित किया गया है। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित एक समारोह में सीआरपीएफ के महानिदेशक दयाल सिंह ने बटालियन के कमांडेंट नवीन कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया। गौरतलब है कि सीआरपीएफ की यह बटालियन माओवादियों के गढ़ माने जाने वाले सुकमा जिले के चिंतलनार इलाके में तैनात है।

ट्रेन–परिचालन

रेलवे प्रशासन ने होली पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए हावड़ा–मुंबई सेंट्रल और संतरागाछी–हुबली के बीच होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिए किए जाने का निर्णय लिया है। हावड़ा–मुंबई सेंट्रल ट्रेन पच्चीस मार्च को मुंबई से रवाना होगी। इसका ठहराव बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। इसी तरह, संतरागाछी–हुबली ट्रेन सत्ताईस मार्च को संतरागाछी से रवाना होगी। इस ट्रेन का ठहराव बिलासपुर, रायपुर और गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है।

दुर्घटना

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के धमधा मार्ग पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय खैरागढ़ के बाजार अतरिया के पास जोरातराई में एक ट्रक और मोटर सायकल की बीच हुई आमने–सामने की भिड़त में मोटर सायकल सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं।

उधर, बेमेतरा जिले के सिमगा के पास शिवनाथ नदी के किनारे आज एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में अट्ठाईस लोग घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को रायपुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है। वहीं, बीस अन्य घायलों का इलाज सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

हॉकी प्रतियोगिता

राउरकेला में आयोजित अखिल भारतीय सब–जूनियर महिला ग्रास रूट हॉकी प्रतियोगिता का खिताब छत्तीसगढ़ की टीम ने जीत लिया है। फाइनल मैच छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम समय तक एक–एक गोल की बराबरी पर रही। शूटआउट भी बराबरी पर रहा। अंत में सडनडेथ के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम अपराजेय रही। बीस सदस्यीय इस टीम में राजनांदगांव की तेरह खिलाड़ी और प्रशिक्षक शामिल थे। खिताबी जीत के बाद लौटी टीम का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

वन मंत्री केदार कश्यप कल रायपुर के रोहणीपुरम स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में जनजातीय नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर श्री कश्यप ने कहा कि आदिवासी जननायकों पर केन्द्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन सराहनीय है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज एक फिर बदल गया है। आज कई जिलों में आंधी–बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की खबर है। गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के मडवाही, धरहर और ऐंठी सहित गई गांवों में ओलावृष्टि हुई है, जिसके कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।

वहीं, कवर्धा में आज शाम तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके अलावा अन्य जिलों में भी गरज–चमक के साथ बारिश होने की खबर है।

इधर, राजधानी रायपुर में भी आज शाम अचानक तेज हवाओं के साथ आंधी चली।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विदर्भ और उसके आसपास ऊपरी हवा में एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। साथ ही झारखंड से उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जगहों पर तेज हवा और गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। खासकर कांकेर, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, कोंडागांव और नारायणपुर में वर्षा हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– रोग–प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए शून्य से सोलह वर्ष के बच्चों को कल उन्नीस मार्च को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा।

– राजनांदगांव जिले के तिलईवार स्थित फायरिंग रेंज में बारूद फटने से एक बच्चा घायल हो गया है। घायल बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

– कोरबा जिले के करतला में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आज मधुमक्खियों के हमले में पन्द्रह बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

– जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम बनारी के पास चुनाव आयोग द्वारा गठित उड़नदस्ते की टीम ने एक कार से सात लाख पंचानवे हजार रूपए की राशि जब्त की है। कार सवार रकम के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दे पाया। जब्त रकम के साथ मामला जीएसटी को भेजा जाएगा।

– रायगढ़ के बाबा गुरू घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती मरीजों के परिजनों से अस्पताल में प्रवेश के लिए पैसे लिए जाने के मामले में तीन सुरक्षा गार्डों के खिलाफ चक्रधर नगर थाने में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है।

– कोरिया पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में झारखंड से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>